तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 16 सितंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



14 खाद्य गोदाम निर्माण में लापरवाही, दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें...





13 मौसम की मार झेल रहे क्षेत्र के ग्रामीण किसान




## खबर संक्षेप

### तालाब में डूबने से 5 साल के बच्चे की मौत

**देवकर।** पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम खिसोरा में रविवार सुबह करीब 11 बजे गांव के ही बड़े तालाब में नहाने गए 5 वर्षीय किशोर टिकेंद्र साहू पिता फत्ते साहू की डूबने से मौत हो गई तभी तालाब में नहा रहे मुन्ना साहू , नारायण साहू ने मृतक को डूबते देख कर बाहर निकाल लिटाया। उसकी अचेत अवस्था को देख कर तुरंत ही मृतक के पिता फत्ते साहू को घटना की सूचना दी। शासकीय अस्पताल साजा ले जाया गया जहां डॉक्टर आशीष गुप्ता ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर साजा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंपा गया।



### व्याख्याता तेखन सिंह विश्व हिन्दी रत्न से सम्मानित

**बेमेतरा।** हिन्दी दिवस के सन्दर्भ में प्रसिद्ध संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन द्वारा आयोजित विश्व हिन्दी कविता प्रतियोगिता में उत्कृष्ट कविता के आधार पर ग्राम लोलेसरा निवासी तेखन सिंह वर्मा व्याख्याता को विश्व हिन्दी रत्न मानद उपाधि सम्मान से सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि आपकी रचनाएं विभिन्न पत्र - पत्रिकाओं एवं कई प्रकाशनों के साझा संकलनों में प्रकाशित हो चुकी है। इस प्रतियोगिता में अमेरिका, अफ्रीका, नेपाल और भारत से 6845 प्रतिभागियों की सहभागिता रही, जिसमें 265 साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। सम्मानित साहित्यकार ने कहा -सभी प्रतिभागियों की कविता का मूल्यांकन अंतर्राष्ट्रीय संस्था द्वारा होना गौरव का विषय है।



### कृषि अनुसंधान की बैठक में उड़द, मूंग एवं कपास का प्रजेंटेशन प्रस्तुत



**बेमेतरा।** रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र ढोलिया में अनुसंधान परिषद एवं विस्तार शिक्षा परिषद की बैठक रबी 2024-25 लेवल-1 का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अधिष्ठाता डॉ. संदीप भंडारकर ने की। इस अवसर पर डॉ. भंडारकर ने महाविद्यालय में चल रहे उड़द, मूंग एवं कपास पर आधारित रिसर्च प्रोजेक्ट्स की जानकारी दी और वैज्ञानिकों को निरंतर अनुसंधान कार्यों के प्रति प्रोत्साहित किया। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केंद्र बेमेतरा तोषण ठाकुर ने केंद्र में हो रहे अनुसंधान कार्यों के साथ-साथ मत्स्य ▶▶| शेष पेज 13 पर

# नवागढ़ के मुरता स्कूल में 515 छात्रों के लिए शौचालय नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

ब्लॉक के ग्राम मुरता स्थित शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में बुनियादी सुविधाओं की कमी ने सरकारी दावों पर सवाल खड़ा कर दिया है। यहां 515 छात्र-छात्राओं और 15 शिक्षकों के लिए एक भी सही शौचालय नहीं है, जिससे उन्हें और खासकर छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुछ महीने पहले इसी स्कूल में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित हुआ था, जिसमें कलेक्टर समेत कई अधिकारी मौजूद थे। उस समय शाला विकास समिति और ग्रामीणों ने शौचालय निर्माण की मांग रखी थी, जिस पर कलेक्टर ने तुरंत अनुशंसा भी कर दी थी। लेकिन, इतने महीने बीत जाने के बाद भी स्कूल में निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ।

स्कूल में 215 छात्राएं पढ़ती हैं, जिनके लिए शौचालय की सुविधा न होना एक गंभीर समस्या है। मजबूरन कई छात्राओं को बीच में ही पढ़ाई छोड़कर घर जाना पड़ता है। प्रभारी प्राचार्य नरसिंह जायसवाल ने कहा कि यह सिर्फ सुविधा का नहीं, बल्कि छात्राओं के सम्मान से जुड़ा मुद्दा है।

### सर्वाधिक परेशानी छात्राओं को, शाला विकास समिति की बैठक में ग्रामीणों ने रखी थी मांग



#### शिक्षकों और ग्रामीणों की परेशानी

शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए आस-पास के घरों का सहारा लेना पड़ता है। शाला विकास समिति के अध्यक्ष लोकेश साहू ने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब कलेक्टर की अनुशंसा के बाद भी काम नहीं हो रहा, तो जिम्मेदारी कौन लेगा? यह मामला अधिकारियों की लापरवाही को उजागर करता है, जहां स्वच्छ भारत मिशन के पोस्टर तो लगे हैं, लेकिन हकीकत में छात्रों और शिक्षकों को बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित रहना पड़ रहा है। ग्रामीण और छात्र अब यह सवाल कर रहे हैं कि शिक्षा का स्तर बढ़ाने की बातें तब तक बेमानी हैं, जब तक बच्चों को ऐसी बुनियादी सुविधाएं न मिलें।

सियासत : कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित सभा में केंद्र सरकार को घेरेंगे कांग्रेसी दिग्गज नेता

# वोट चोर गद्दी छोड़ सभा की तैयारी में जुटी कांग्रेस, सचिन पायलट शामिल होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम के तहत देशभर में कांग्रेस द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन के तहत अब बेमेतरा जिले में भी एक दिवसीय आयोजन की तैयारी कर ली गई है। 17 सितंबर को होने वाले इस आयोजन में बाइक रैली निकाली जाएगी, वहीं सभा का आयोजन कृषि उपज मंडी परिसर में किया जाएगा। सभा में शामिल होने के लिए प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट शहर के दौरे पर रहेंगे और जिले में पहली बार आगमन होगा, जिसके चलते कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जहां उत्सव, वहीं इस आयोजन को लेकर कांग्रेस ने बैठक लेकर जोरदार तैयारियों की शुरुआत कर दी। उल्लेखनीय है कि चुनाव के दौरान वोट चोरी का आरोप कांग्रेस द्वारा भाजपा पर लगाया जा रहा है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा इस आरोप के लगाए जाने के बाद से ही इस मामले को घर-घर तक पहुंचाने के लिए कांग्रेस देश के सभी हिस्सों में कार्यक्रम आयोजित कर रही है। प्रदेश में भी इसकी शुरुआत पिछले दिनों बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम से की गई है। इसी के तहत अब दूसरे चरण में प्रदेश के दर्जनभर जिलों में वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बेमेतरा जिले में इस कार्यक्रम के तहत 17 सितंबर को कांग्रेस द्वारा बाइक रैली निकाली जाएगी। वहीं एक सभा का आयोजन किया जा रहा है। इस सभा में पांच हजार से अधिक कांग्रेसियों के शामिल होने की संभावना बताई जा रही है।



#### कार्यकर्ताओं से मिलेंगे

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट के संभावित दौरा कार्यक्रम के अनुसार वे जिले में 17 सितंबर आयोजित कार्यक्रम में शाम 4 बजे पहुंच जाएंगे। वे बेमेतरा के कार्यक्रम बाद रात 8 बजे तक राजनांदगांव पहुंचेंगे। इस दौरान वे जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ताओं से मिलकर पार्टी की जमीनी हकीकत के बारे में चर्चा भी कर सकते हैं।

#### कार्यक्रम से पहले बैठक

छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट के कार्यक्रम को देखते हुए कांग्रेस ने अपनी तैयारियां भी शुरु कर दी है। कल 17 सितंबर को सचिन पायलट दौरे पर रहने वाले हैं। इस दौरान वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम में शामिल होंगे। ऐसे में तैयारियों को लेकर सोमवार जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने राजीव भवन में एक बैठक ली।

इस बैठक में प्रदेश के पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे, गुरु रुद्र कुमार एवं पूर्व संसदीय सचिव गुरु दयाल सिंह बंजारे शामिल हुए। बैठक में भारी संख्या में जिले भर से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि 17 तारीख को होने वाली सभा हमारे बेमेतरा जिले के लिए एक ऐतिहासिक दिन है और इस कार्यक्रम को हम सभी को मिलकर ऐतिहासिक रूप से सफल बनाना है। वहीं पूर्व कैबिनेट मंत्री गुरु रुद्र कुमार ने कहा कि बेमेतरा जिले में जिले वासियों को बताना है कि भाजपा किस तरह से वोट चोरी करके अवैध रूप से सत्ता पर काबिज है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि जिले में सचिन पायलट का यह पहला आगमन है और वह आगमन भी लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा पूर्व कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा छेड़े गए वोटचोर गद्दी छोड़ अभियान की अभूतपूर्व सफलता तथा इस अभियान को मिलता हुआ भारी जन समर्थन को बेमेतरा जिले वासियों तक पहुंचाने आ रहे हैं। हम सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को 17 तारीख को होने वाले कार्यक्रम को बेमेतरा के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज करना है। राज्य की भाजपा सरकार तथा केंद्र की भाजपा सरकार को बेमेतरा की धरती से यह मैसेज देना है कि अब ज्यादा दिन जनता इन्हें बर्दाश्त करने वाली नहीं है। बैठक में शहर कांग्रेस और जिला कांग्रेस के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहें।

# भाजपा सेवा पखवाड़ा की तैयारी पूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- विधायक की अध्यक्षता में हुई भाजपा शहर मंडल की बैठक

भाजपा सेवा पखवाड़ा के लिए शहर मंडल बेमेतरा की विधायक निवास कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में विधायक दीपेश साहू शामिल हुए। इस दौरान विधायक साहू ने मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच कहा की हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान के अनुरूप उनके जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाकर देश-जनता के प्रति अपना योगदान देंगे। संगठन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए प्रत्येक बूथ एवं शक्ति केंद्र तक सेवा कार्यों को पहुंचाना हमारा प्रमुख लक्ष्य है।

हमें सेवा, स्वच्छता, स्वास्थ्य और सामाजिक सौहार्द्र को जन-जन तक पहुंचाना होगा और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति तक सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने कहा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, पौधारोपण व एक-एक पेड़ 'मां के नाम' कार्यक्रम का भव्य आयोजन सुनिश्चित करें। साथ ही 25 सितम्बर, 2 अक्टूबर व विजय दशमी के अवसरों पर भी हम सामाजिक सौहार्द्र और सेवा भाव के साथ कार्यक्रम मनाएंगे।" बैठक में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा हुई। उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कार्यक्रमों को सफल बनाने के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध रहे। बैठक का संचालन डॉ. विनय साहू द्वारा किया गया। इस दौरान बैठक मे सेवा पखवाडा कार्यक्रम के जिला संयोजक नरेंद्र वर्मा, उपसंयोजक हर्ष वर्धन तिवारी, मण्डल संयोजक राजू देवांगन, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, नगर पालिका उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, शहर मण्डल अध्यक्ष युगल देवांगन,शहर मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू, पार्षद विकास तम्बोली, गौरव साहू, नीतू कोठारी, निखिल साहू सिहत वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हिन्दी है समस्त भारतीय भाषाओं की रानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- प्राथमिक शाला खपरी धोबी में हिंदी दिवस मना

प्राथमिक शाला खपरी धोबी विकासखंड साजा में हिंदी दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में बालिकाओं ने हिंदी दिवस पर हाथों में मेंहदी लगाई। भारत की आत्मा है हिंदी, तो किसी ने हिन्दी भारत माता की बिंदी मेंहदी बनाई। तो किसी ने भारत का चित्र बनाकर हिन्दी दिवस लिखा।

सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने हिन्दी दिवस पर अपनी बातें रखी।



बच्चों को भी बोलने का अवसर दिया गया, बच्चे अपनी समझ अनुसार बोले। प्रधानपाठक धनेश रजक ने हिन्दी दिवस पर अपनी बातें बच्चों के समक्ष विस्तार से रखा और कहा कि हिन्दी भारत माता की आत्मा है, बच्चों हमें अपने हिन्दी राष्ट्रभाषा का खुब सम्मान करना चाहिए। और खुब प्रचार प्रसार करना चाहिए, हिन्दी अपनेपन की भाषा है, दुख सुख को बहुत ही सरलता से व्यक्त किया जा सकता है, विदेशी लोग भी हमारे हिन्दी भाषा को सीखने लालायित है, जहां भी जाओ अपने भाषा का सम्मान करो, जो हिन्दी की कहानी है, हिन्दी समस्त भारतीय भाषाओं की रानी है हिन्दी का बड़ा सम्मान है। यह हमारी आन- बान -शान है। इस पर हमें गर्व है अभिमान है। क्योंकि हिन्दी महान है। हिन्दी की विशिष्टताएं देवनागरी लिपि - हिन्दी देवनागरी लिपि में लिखी जाती है,जो देखने मे मनमोहक और ध्वन्यात्मक रूप से सटीक है इसमें 11 स्वर एवं 33 व्यंजन है, जिनमें प्रत्येक ध्वनि का अलग स्वर एवं उच्चारण है। बच्चों हिन्दी दिवस मनाने का इतिहास भारत के स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ा ▶▶| शेष पेज 13 पर

# श्रमवीर स्वास्थ्य शिविर में 500 मजदूरों ने कराई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- रजत जयंती वर्ष पर श्रम विभाग का आयोजन

रजत जयंती वर्ष पर श्रमिकों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को ध्यान में रखते हुए श्रम विभाग द्वारा 12 से 19 सितम्बर तक जिलेभर में श्रमवीर स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 15 सितम्बर को रायजन इंडस्ट्रीज प्रा.लि., ग्राम सरदा विकासखण्ड बेरला में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 500 श्रमिकों की स्वास्थ्य संबंधी जांच




जिला स्वास्थ्य विभाग एवं जिला आयुर्वेद विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई। मौके पर ही श्रमिकों को आवश्यक उपचार एवं दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही बड़ी संख्या में श्रमिकों का पंजीयन एवं नवीनीकरण भी किया गया तथा श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि प्रथम चरण में जिले के सभी विकासखण्डों के चयनित ग्राम पंचायतों एवं नगर पालिका परिषदों में कुल 29 शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। अब तक लगभग 800 श्रमिक इन ▶▶| शेष पेज 13 पर

जिला कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में जेम टीम ने दी प्रशिक्षण

# आरएएमपी योजना तहत जेम पोर्टल कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- कलेक्टर रणबीर शर्मा ने पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी सरकारी खरीद पर जोर दिया

उद्योग विभाग द्वारा राइजिंग एंड एक्सेलेरेटिंग एमएसएमई परफॉरमेंस योजना के अंतर्गत जिला कार्यालय, के दिशा सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे जेम (गवर्नमेंट ईमार्केटप्लेस ) पोर्टल कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जेम टीम, रायपुर से विशेषज्ञ प्रशिक्षक उपस्थित रहे, जिन्होंने जिला स्तरीय शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विभागीय निविदा प्रक्रिया हेतु जेम पोर्टल पर क्रेता (बायर) के रूप में ऑनबोर्डिंग की विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही उन्हें निविदा दस्तावेज तैयार करने, प्रकाशित करने एवं निविदा खोलने की प्रक्रिया का भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। साथ ही जिले के



सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को विक्रेता के रूप में जेम पोर्टल पर ऑनबोर्डिंग करने, उत्पाद कैटलॉग तैयार करने, निविदाओं में भागीदारी हेतु आवेदन करने की विधि और व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। इस पहल का उद्देश्य अधिक से अधिक स्थानीय उद्यमियों और शासकीय विभागों को पारदर्शी, प्रतिस्पर्धी एवं ऑनलाइन क्रय प्रक्रिया से जोड़ना है। इस अवसर पर कलेक्टर रणबीर शर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि जेम पोर्टल सरकारी खरीद की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, प्रतिस्पर्धी और सरल बनाने का एक प्रभावी माध्यम है। इस मंच के जरिए विभाग बिना किसी मध्यस्थ के सीधे गुणवत्तापूर्ण वस्तुएँ और सेवाएँ प्राप्त कर सकते हैं। सभी विभागीय अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि अब से अधिकतर शासकीय क्रय इसी पोर्टल के माध्यम से हों। कलेक्टर ने अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक विभाग अपने-अपने क्रय कार्यों में जेम पोर्टल का प्राथमिकता से उपयोग करे। निविदा दस्तावेज तैयार करने से लेकर प्रकाशित करने और निविदा खोलने तक की सभी प्रक्रियाएँ समयबद्ध और पूर्ण पारदर्शिता से की जाएँ।

क्रय करते समय स्थानीय स्तर पर निर्मित एमएसएमई उत्पादों और सेवाओं को प्राथमिकता दी जाए, ताकि जिले के लघु उद्योगों और उद्यमियों को बढ़ावा मिल सके। विभागीय अधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि पोर्टल पर उपलब्ध वस्तुएँ गुणवत्तापूर्ण हों और शासन को निर्धारित समयसीमा में उपलब्ध हों।कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देश दिए कि जेम पोर्टल से न केवल सरकारी धन की बचत होगी बल्कि भ्रष्टाचार और अनियमितताओं पर भी रोक लगेगी। यह एक ऐसा मंच है ▶▶| शेष पेज 13 पर

#### जीईएम (जेम) पोर्टल का महत्व

जेम पोर्टल भारत सरकार द्वारा विकसित एक ऑनलाइन सार्वजनिक क्रय (ई-प्रोक्योरमेंट) प्लेटफ़ॉर्म है, जो विभिन्न शासकीय विभागों, संगठनों एवं उपक्रमों के लिए वस्तुओं एवं सेवाओं की ऑनलाइन खरीद-फरोख्त की सुविधा उपलब्ध कराता है। यह पोर्टल न केवल प्रक्रिया को आसान और समयबद्ध बनाता है, बल्कि प्रतिस्पर्धा को बढ़ाकर सरकारी धन की बचत भी सुनिश्चित करता है। आज आयोजित यह कार्यशाला जिला प्रशासन के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी। इससे न केवल अधिकारियों को ई-प्रोक्योरमेंट की बारीकियों की जानकारी मिली बल्कि स्थानीय एमएसएमईएस को भी राष्ट्रीय स्तर के बाजार तक पहुँचने का अवसर प्राप्त होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेमलता, एडीएम प्रकाश भारद्वाज, सर्व एसडीएम सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे ।

# कृषि विस्तार अधिकारियों के द्वितीय चरण का आंदोलन पूर्ण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के आवाहन पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों एवं कृषि विकास अधिकारियों के 9 सूत्रीय मांगों की पूर्ति के लिए चरणबद्ध आंदोलन का द्वितीय चरण पूर्ण हुआ।इसमें कृषि अधिकारियों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व साजा को 15 सितम्बर को मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी (रा) साजा को ज्ञापन सौंपने छ ग़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के विनय कुमार शर्मा प्रांतीय कार्यकारणी सदस्य, भानू प्रताप देवांगन जिला उपाध्यक्ष, आनंद यादव ब्लॉक अध्यक्ष, सुमित चौरसिया उपाध्यक्ष, रितेश निर्मलकर सचिव, फनेंद्र पटेल कोषाध्यक्ष एवं विख साजा के समस्त ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं कृषि विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### संकुल प्राचार्य ने स्कूलों का किया निरीक्षण

**कवर्धा।** कवर्धा ब्लॉक के संकुल केन्द्र छिरहा के संकुल प्राचार्य डॉ. रमेश चंद्रवंशी ने शासकीय पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक शाला छिरहा और प्राथमिक शाला जुनवानी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने पर विशेष बल दिया। डॉ. चंद्रवंशी ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे पूरी तैयारी के साथ कक्षा में जाएं और तीसरी से पांचवीं तक के कमजोर छात्रों के लिए उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था करें। उन्होंने मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत निर्धारित बीस बिंदुओं के अनुसार स्कूलों को अपडेट रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही तिमाही परीक्षाओं के पाठ्यक्रम को समय पर पूरा करने, छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छ पेयजल और स्कूल परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का मार्गदर्शन भी दिया। संकुल प्राचार्य द्वारा स्कूलों का निरीक्षण कर शिक्षा स्तर को सुधारने और छात्रों के लिए बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाने की दिशा में सतत प्रयास किया जा रहा है।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान एवं स्वच्छोत्सव 17 से

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत स्वच्छोत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि स्वरूप स्वच्छ भारत के रूप में स्वच्छता ही सेवा अभियान को जिला स्तर, विकासखण्ड स्तर एवं ग्राम पंचायत स्तर पर मनाया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अधिकारियों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दायित्व सौंपा है। कलेक्टर गोपाल वार्म ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति सोच को सकारात्मक दिशा प्रदान करना तथा सामूहिक रूप से गांव एवं क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। स्वच्छता ही सेवा 2025 के अंतर्गत मेगा स्वच्छता अभियान, गंदे एवं कचरे के ढेर जमा स्थलों की सफाई, स्वच्छाग्रही, सफाई मित्रों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शिविर आयोजन तथा त्यौहारों को पर्यावरण अनुकूल एवं जीरो वेस्ट पद्धति से मनाने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

**योजना का उद्देश्य:** समाज में योग एवं पतंजलि संगठन के महत्व को बढ़ावा देना

# महिला पतंजलि योग समिति ने एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



महिला पतंजलि योग समिति ने एक दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ वैदिक रीति से यज्ञ-हवन एवं भजनों के साथ हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करना तथा अधिक से अधिक योग शिविरों का आयोजन कर समाज को योग एवं संगठन के महत्व से अवगत कराना था।

- योग साधना और स्वास्थ्य पर जोर देते हुए सूर्य नमस्कार एवं कठिन आसनों का प्रदर्शन

कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला पतंजलि योग समिति छत्तीसगढ़ की राज्य प्रभारी जया मिश्रा ने की तथा सह राज्य प्रभारी गंगा अग्रवाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यशाला में कवर्धा, दुर्ग एवं बेमेतरा जिला की महिला पतंजलि समितियों के सदस्यों ने भी सहभागिता की। राज्य प्रभारी जया मिश्रा ने गीता के दैवीय संपद एवं विजय रथ चौपाई का भावार्थ प्रस्तुत करते हुए कहा कि जीवन, राष्ट्रहित एवं देशसेवा के लिए हमें योग को अपनाना चाहिए।

उन्होंने स्वयं योग साधना करने और योग कक्षाएँ लगाकर योग सेवा के लिए प्रेरित होने पर बल दिया। सह राज्य प्रभारी गंगा अग्रवाल ने नवधा भक्ति के श्लोक का सरल व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए इसे जीवन में अपनाने के उपाय बताए तथा जीवन में गुरु के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कार्यशाला में रोगानुसार योग, वेद एवं उपनिषद के प्रमुख मंत्रों का भी परिचय कराया गया। योग शिक्षिका नीलिमा साहू ने सूर्य नमस्कार के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभ लिखवाए। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में योग साधिकाओं एवं छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्वागत नृत्य गरिमा साहू , सांस्कृतिक नृत्य सीता निषाद , योग नृत्य एवं एडवांस आसन प्रिया साहू , साथ ही टकसीवाँ गाँव के बच्चों एवं कस्तूरबा विद्यालय बेमेतरा की छात्राओं द्वारा कठिन योगासन प्रदर्शन किया गया। इसके अतिरिक्त योग साधिकाओं ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार के आसनों का प्रदर्शन किया। समिति की प्रभारी नीलिमा साहू ने बताया कि समिति द्वारा 25 दिवसीय योग प्रशिक्षण कोर्स संचालित किया जा रहा है तथा लगातार योग के प्रति जन-जागरूकता लाई जा रही है। कार्यक्रम के दौरान सभी योग शिक्षिकाओं को प्रमाण पत्र जया दीदी, गंगा दीदी एवं भरत साहू द्वारा वितरित किए गए। समापन भारत माता की आरती के साथ हुआ। अंत में जिला प्रभारी रीना साहू ने सभी अतिथियों, साधकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महिला पतंजलि योग समिति की जिला कार्यकारिणी, तहसील कार्यकारिणी बेमेतरा सभी सदस्याएँ एवं पतंजलि समिति के जिला प्रभारी भरत साहू सहित बड़ी संख्या में योग साधक-साधिकाएँ एवं सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अकोली में नशा मुक्ति रैली व पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

नशा और बुराइयों के खिलाफ चेतना जगाने तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए ग्राम अकोली में भव्य जनजागरूकता रैली और पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ।

- महिलाओं ने बढ़ाया जनजागरूकता अभियान का उत्साह

कार्यक्रम में गोष्ठी आयोजित कर समाज में व्याप्त बुराइयों और कुरीतियों पर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि स्कूल-कॉलेज और अन्य शिक्षण संस्थानों में व्यसनमुक्त भारत अभियान की पॉकेट बुक और नशा मुक्ति पोस्टर वितरित कर युवाओं और बच्चों को जागरूक किया जाएगा। ग्राम सरपंच सुनीता रोहित निषाद ने जानकारी दी कि गांव को नशामुक्त बनाने के लिए शराबबंदी लागू की गई है। अब शराब बेचने और खुले में सेवन करने वालों पर अर्थदंड का प्रावधान रखा गया है। इसके बाद नशा मुक्ति रैली गांव की गलियों, चौक-चौराहों और प्रमुख स्थानों से होते हुए निकाली गई। रैली में महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने बैनर-पोस्टर लेकर लोगों को नशा छोड़ने और स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश दिया। उपसरपंच रोहित कुमार निषाद ने कहा कि गांव को नशामुक्त बनाने के लिए कठोर कानून के साथ-साथ जागरूकता अभियान भी उतना ही आवश्यक है।

रैली के उपरांत तालाब किनारे खाली जगह पर पौधारोपण किया गया। इसमें महिलाओं और युवाओं की भागीदारी ने कार्यक्रम की सफलता में चार चाँद लगा दिए। अंत में सभी ने संकल्प लिया कि गुटखा, सिगरेट, शराब या किसी भी प्रकार के नशे का सेवन नहीं करेंगे और दूसरों को भी नशामुक्त रहने के लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोगीः अश्वनी कुमार बघेल, पंचायत के पंचगण, स्व सहायता समूह, मनोहर लाल निषाद, गेंदू राम, रामदिल निषाद, संतोष कुमार साहू, भानुमति देवांगन, बलराम साहू, लक्ष्मी नारायण, हेम कुमार साहू, इंद्र कुमार वर्मा, सुरेंद्र साहू, रोहित साहू, मोहिनी साहू, अंगद निषाद, अनिल, चिंताराम साहू सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जनता की सेवा में कार्यकर्ता हमेशा तत्पर, हमें प्रेरणा प्रधानमंत्री मोदी से मिलती है : राजेंद्र शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/देवरबीजा

भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाने का निर्णय लिया है, जो 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान बेमेतरा जिला के सभी मंडलों में कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं।

सेवा पखवाड़ा पर देवरबीजा मंडल की पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने प्रभारी के नाते बैठक ली और कार्यकर्ताओं को सेवा पखवाड़ा के दौरान किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताया इस दौरान उन्होंने जानकारी दी कि कार्यक्रम की शुरुआत 17 सितंबर को सण्डी की सिद्धि माता के दर्शन और मंदिर परिसर की साफ-सफाई के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके बाद बूथ स्तर पर भी सेवा कार्य किए जाएंगे। कार्यक्रम के बाद फोटो सोशल मीडिया सरल ऐप और जिला भाजपा के व्हाट्सएप ग्रुप में साझा करने का निर्देश दिया गया है। राजेंद्र शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता चुनाव के बाद भी जनता की सेवा में तत्पर रहते हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरणा लेते हैं। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से तुलना करते हुए कहा कि वे केवल चुनाव के समय सक्रिय रहते हैं लेकिन भाजपा के कार्यकर्ता चुनाव के समाप्त होने के बात जनता की सेवा में हमेशा तत्पर रहते है और हम सब कार्यकर्ताओं को प्रेरणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलती है ।

बैठक में पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, पूर्व जिला अध्यक्ष मंडल प्रभारी राजेंद्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष सेवा राम साहू वरिष्ठ नेता बलराम पटेल, संजीव तिवारी, सुनिल राजपूत, बिशन साहू, नीरज राजपूत हेमलाल देवांगन सरपंच लीला साहू की उपस्थिति में सेवा पखवाड़ा से जुड़े विविध विषयों एवं जनहित के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।इस कार्यशाला में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## पीएचई बोड़ला कार्यालय में घुसा पानी, अधिकारी नदारत

**बोड़ला।** इन दिनो बोड़ला क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश के चलते सोमवार को बोड़ला स्थित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग का कार्यालय जलभराव से बुरी तरह प्रभावित हो गया। जिससे कार्यालय संचालन में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ा। बताया जाता है कि लगातार बारिश के दौरान कार्यालय के अंदर कुर्सी, मेज और फाइलें तक पानी में डूब गईं। बाहर और भीतर हर तरफ पानी भर जाने से कर्मचारियों के लिए काम करना मुश्किल हो गया। स्थिति इतनी गंभीर रही कि कार्यालय परिसर से पानी निकालने के लिए पंप लगाया गया, लेकिन इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए केवल चपरासी को ही छोड़ दिया गया। वह जान जोखिम में डालकर बिजली के बीच पंप चला रहा था, जबकि करंट फैलने का खतरा साफ दिखाई दे रहा था।

## राजपूत समाज के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा




राजपूत क्षत्रीय चौहान समाज का शपथ ग्रहण समारोह शहर के गांधी मैदान बेमेतरा में संपन्न हुआ। इस अवसर पर केंद्रीय पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण हुआ और समाज के वरिष्ठजनों एवं बुद्धिजीवियों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर ,मां भवानी एवं सम्राट पृथ्वीराज चौहान के चित्र पर पुष्प अर्पण कर एवं मां भवानी की आरती से शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण की, जिनमें प्रदेश संरक्षक ठाकुर सतानंद चौहान, प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर चंद्रशेखर सिंह चौहान और अन्य पदाधिकारी शामिल थे। इस दौरान समाज के प्रेमानंद चौहान और मोहन सिंह चौहान द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई, जिसने समाज प्रेमियों और अतिथियों का मन मोह लिया। इस दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने समाज को सशक्त बनाने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया और सामाजिक भवन के लिए स्वीकृति किए जाने पर अपनी सहमति जताई। कार्यक्रम में पार्षद गौरव साहू ,विकास तंबोली सहित समाज के वरिष्ठजनों और बुद्धिजीवियों ने अपने विचार व्यक्त किए और समाज के विकास के लिए काम करने का संकल्प लिया। उक्त आयोजन में समाज के विभिन्न जिले के क्षेत्रों से सदस्य शामिल हुए, जिनमें रायपुर, दुर्ग, पाटन, जमुल गोढी, गुधेली कवर्धा, बेमेतरा, पौड़ी, जांजगीर चंपा, बिलासपुर और अन्य क्षेत्र शामिल हुए। ठाकुर दाऊ राम चौहान ने मुख्य अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए समारोह के समापन की घोषणा की।

- प्रदेश के समाज के वरिष्ठजनों एवं बुद्धिजीवियों ने दी भागीदारी
- नपा अध्यक्ष सिन्हा मुख्यातिथि के तौर पर हुए शामिल

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश संरक्षक ठाकुर सतानंद चौहान ,प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर चंद्रशेखर सिंह चौहान ,प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर मोहन सिंह ,चौहान प्रदेश महामंत्री ठाकुर दाऊराम सिंह चौहान , प्रदेश सचिव ठाकुर देवेंद्र सिंह चौहान ,प्रदेश कोषाध्यक्ष ठाकुर बेनू सिंह चौहान एवं ठाकुर नागेश्वर सिंह चौहान, ठाकुर भगवान सिंह चौहान, नंदकुमार चौहान,ठाकुर सूर्य चौहान, ठाकुर डी एस चौहान,ढाल सिंह चौहान, बलराम सिंह चौहान मौजूद रहे।

## नेशनल हाईवे में दर्दनाक सड़क हादसा अज्ञात वाहन की टक्कर से ग्रामीण की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिले के बोडला विकासखंड अंतर्गत पोंड़ी के समीप रविवार की देर शाम अज्ञात वाहन की ठोकर से एक ग्रामीण की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी वाहन चालक फरार बताया जा रहा है। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश की जा रही है। प्राप्त जानकारी के रविवार की देर शाम ग्राम हरिनछपरा निवासी सुरेश तिवारी अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान जबलपुर–रायपुर नेशनल हाईवे पर बुधवारा पुल के पास अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि सुरेश तिवारी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया राहगीरों ने इसकी जानकारी क्षेत्रीय पुलिस को दी इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का सब बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है वहीं आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

## प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 19 सितंबर को कवर्धा में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो, निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है। उन्हें अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कार्यालय परिसर में 19 सितम्बर 2025 शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

जिसमें लक्ष्य बीमा सेवा केन्द्र, दर्री पारा, कवर्धा द्वारा पद बीमा सखी (महिला) के 30 पद तथा शिवशक्ति एग्रीटेक लिमिटेड, प्रथम तल, जयप्रकाष कॉप्लेक्स, तेलीबांधा थाना के सामने, तेलीबांधा चौक, रायपुर द्वारा पद सेल्स रिप्रेसेन्टेटिव (पुरूष) के 40 पद एवं सेल्स आफिसर (पुरूष) के 20 पद पर भर्ती किया जाना है। उक्त सभी पदों के लिए कार्यक्षेत्र संपूर्ण कबीरधाम जिला है।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि यह प्लेसमेंट कैम्प पूर्णतः निःशुल्क है। यह नियुक्ति केवल निजी क्षेत्र के संस्थाओं में कार्य हेतु किया जाता है। चयन संबंधी कार्यवाही नियोजक द्वारा ही किया जाना है, अतः पद, संस्था, कार्य, वेतन व अन्य विस्तृत जानकारी कैम्प में उपस्थित नियोजक या प्रतिनिधि से संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

## शहर के दर्जनभर युवाओं ने किया कांग्रेस प्रवेश कांग्रेस के शहर अध्यक्ष ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की नीति-रीति से प्रभावित होकर सोमवार को कवर्धा शहर के 12 युवाओं ने कांग्रेस पार्टी में प्रवेश किया। नवप्रवेशी युवाओं को शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक सिंह तथा अन्य पदाधिकारियों ने स्थानीय कांग्रेस कार्यालय में आयोजित एक सादे समारोह में विधिवत कांग्रेस की सदस्यता दिलाई और उनका गमछा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा और नीति, रीति देश के युवाओं, ग्रामीणों, किसानो सभी वर्ग और समुदाय को प्रभावित करने वाली है। यही वजह है कि युवा बड़ी संख्या में कांग्रेस के साथ जुड़ रहे हैं। कांग्रेस प्रवेश करने वाले युवाओं में प्रवीण वैष्णव, अमरनाथ गुप्ता, दीपक जायसवाल, राहुल पाण्डेय, विजय सोनी, अरविंद सोनी, सागर नामदेव, गोवर्धन वर्मा, भारत वर्मा, अजय नागवंशी, प्रभात चन्द्रवंशी तथा मनोज यादव शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से शहर अध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर, जिला महामंत्री गोपाल चंद्रवंशी, नेता प्रतिपक्ष भीखम कोसले, शहर महामंत्री पुष्प लता जोशी, शीतेष चंद्रवंशी अध्यक्ष एनएसयूआई, तुकाराम चंद्रवंशी, जितेंद्र जैन कोषाध्यक्ष, जयंत जायसवाल मंडल अध्यक्ष, धीरज सिंह ठाकुर, राहुल यादव, पदुमसेन सेवादल आदि उपस्थित थे।

**हॉकी गोल्डन बॉय-ओमकुमार साहू को किया सम्मानित, स्कूल प्रबंधन ने दी बधाई**

## अशोका विद्यालय के खिलाड़ी ने बढ़ाया कवर्धा का मान, जीते पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



विगत दिनों अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैदान राजनांदगाव में आयोजित 25 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में दुर्ग जोन से खेलते हुए अशोका पब्लिक स्कूल के छात्र मशहूर हॉकी खिलाड़ी ओमकुमार साहू ने पुनः एक बार फिर एक तरफा उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी टीम को विजय दिलवाकर गोल्ड पदक पाने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। छात्र हॉकी खिलाड़ी ओम कुमार साहू की इस उपलब्धि के लिए अशोका पब्लिक विद्यालय के संचालक पवन देवांगन एवं संचालिका श्रीमति सारिका देवांगन ने हर्ष प्रकट करते हुए छात्र खिलाड़ी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होने कहा कि छात्र का यह प्रदर्शन न केवल अपने माता-पिता बल्कि विद्यालय के लिए गर्व की बात है, उन्होने कहा कि मुझे खुशी है कि हमारे परिवार में ऐसे प्रशिक्षक एवं छात्र खिलाड़ी हैं जो निरंतर हमारे विद्यालय व शहर का नाम रोशन कर रहे हैं। संचालक पवन देवांगन ने आगे बताया कि वर्तमान में ओमकुमार साहू कक्षा 12वीं वाणिज्य संकाय में अध्ययनरत है,जो शुरू से होनहार विधार्थी रहे हैं। चिमरा ग्राम के किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले छात्र ने तमाम बधाओं, अभावो को पार कर अपने अथक प्रयास और कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल प्राप्त किया है। विद्यालय के हॉकी प्रशिक्षक शैलेन्द्र वर्मा ने बताया कि ओमकुमार साहू मेरे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं, उन जैसा शिष्य पाना भी गुरु के लिए गौरव की बात हैं। ओम कुमार साहू 02 बार राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता मे भाग लेकर उसमे भी गोल्ड पदक प्राप्त कर चुके हैं और पांच बार लगातार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड पदक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ राज्य में हॉकी गोल्डन बॉय के नाम से प्रसिद्ध हो चुके हैं। श्री वर्मा ने बतलाया कि ओमकुमार हॉकी खेल में फॉरवर्ड खिलाड़ी के रूप में खेल दिशा-निर्देशों का पालन कर निरंतर कठोर परिश्रम करते हुए अपने खेल कला को निखार रहा हैं। छात्र खिलाड़ी के इस गौरवमयी उपलब्धि के लिए ओमकुमार साहू को विद्यालय के प्राचार्य एसएल नापित एवं प्राचार्य लोकनाथ देवांगन एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्र खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## बाढ़ प्रभावित नदी नालों में लोगों की लापरवाही...



**कवर्धा।** जिले के विकासखण्ड बोड़ला स्थित ग्राम धूमाछापर नदी में अचानक आई बाढ़ में बहा ट्रेक्टर, बाल–बाल बचा चालक, अंचल में लगातार हो रही बारिश से क्षेत्रीय नदी, नाले उफान पर।

## खबर संक्षेप

### दौजरी मे संगीतमय श्रीमद्भागवत साप्ताहिक महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग दस किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम दौजरी में संगीतमय साप्ताहिक श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन कार्यक्रम 11 से 19 सितंबर तक आयोजित की जा रही है। जिसमें श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का शुरुआत भव्य कलश यात्रा से कथा व्यास आचार्य पं सुरेश शर्मा व परायणकर्ता और कथावाचक पं राजु शर्मा द्वारा किया गया जिसमें ग्राम दौजरी सहित आसपास क्षेत्र के भक्तजनों व श्रद्धालुओं को कथा रसपान कराया जा रहा है। जिससे ग्राम दौजरी सहित ग्रामवासी तथा क्षेत्रवासियों में भारी भक्तिमय का माहौल बना हुआ है। इस धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने में मन्नूराम साहू, घनश्याम, नरेश, गंगाराम, राधेला, दिलीप, प्रकाश, तुकाराम, खेलू साहू, मीनू साहू, डमेश्वर साहू, होरीराम साहू, मनहरण, डेविड साहू, कुमार साहू जुटे हुए हैं।

### जीवन के लिए ओजोन थीम पर चिमरा स्कूल में ओजोन परत संरक्षण दिवस मनाया



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिमरा में 16 सितंबर को विश्व ओजोन दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम प्रभारी शिक्षक विष्णु दत्त कौशिक ने पाठ्येत्तर एवं अन्य क्रियाकलापों कॉल निरंतर गति प्रदान करते हुए मानव जीवन के लिए ओजोन विषय पर छात्राओं को ओजोन परत क्या है? ओजोन परत का महत्व, ओजोन परत की रक्षा कैसे कर सकते हैं, विषय को विस्तार करते हुए छात्रों के मध्य ओजोन परत ऑक्सीजन का एक अणु जिसमें तीन ऑक्सीजन के परमाणु होते हैं। ओजोन तीन परमाणुओं से मिलकर बना एक गैस है जो समताप मंडल में विद्यमान है। ओजोन परत की रक्षा हम सीएफसी, नाइट राइस ऑक्साइड एवं मानव निर्मित रसायन के उपयोग को काम करके ओजोन परत की रक्षा कर सकते हैं। प्रभारी प्रधान पाठक दिलीप कुमार नागवंशी ने ओजोन परत के महत्व को बदलते हुए बताया कि ओजोन परत सूर्य की पैराबैंगनी करने को पृथ्वी तक आने से रोकती है, हमें मानव जीवन में त्वचा रोग, कैंसर, श्वास की बीमारी से बचाए रखती है, विज्ञान शिक्षिका नीलिमा तिवारी ने ओजोन परत की महत्वपूर्ण देन हवा और पानी को शुद्ध करने विस्तृत रूप से प्रकाश डाला, शिक्षिका मल्टी चंद्रवंशी ने समस्त छात्र छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण और हानिकारक गैसों के उपयोग न करने एवं जन जागृति के माध्यम से ओजोन परत की रक्षा का संकल्प दोहराया।

### साहू संघ कुण्डा का ग्रामीण स्तर पर गठनः अध्यक्ष होरीलाल व कोषाध्यक्ष राजकुमार बने



**हरिभूमि कुण्डा।** ग्राम कुण्डा में साहू समाज का गठन किया गया, जिसमें होरीराम साहू को अध्यक्ष एवं राजकुमार साहू (राजू) को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। जिसमें साहू समाज कबीरधाम के जिलाध्यक्ष पतिराम साहू के आदेशानुसार मण्डल अध्यक्ष कुण्डा लालाराम साहू एवं सचिव लेखराम साहू पर्यवेक्षक के कुशल मार्ग दर्शन में साहू समाज के वरिष्ठ सुधाराम साहू, तहसील उपाध्यक्ष माधुरी साहू, तहसील महामंत्री महेश्वर साहू, बुधवा राम साहू, रामकुमार साहू के गरिमामय उपस्थिति में साहू समाज का बैठक आयोजित की गई। जिस पर ग्रामीण स्तर का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया, जिसमें दो उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं 20 कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। जिसमें अध्यक्ष होरीलाल साहू, कोषाध्यक्ष राजकुमार (राजू साहू), उपाध्यक्ष सुरेश साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती खिलेश्वरी साहू, सचिव रामफल साहू एवं सदस्यगण जकल साहू, मुखीराम साहू, पंचराम साहू, राजकुमार साहू, कोमल साहू, मालिकराम साहू, गोपाल साहू, बुधवा साहू, विजय साहू, राजेश साहू, पन्ना साहू, भागवत साहू, रमेश साहू, लवलेश साहू, जय कुमार साहू, जयराम साहू, विनोद साहू, जीतराम साहू, अर्जुन साहू, छेदी साहू की सर्वसम्मति से नियुक्ति की गई।

### भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने धूमधाम से मनाया धर्मजीत सिंह का जन्मदिन



**हरिभूमि कुण्डा।** छत्तीसगढ़ पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष व विधायक तखतपुर धर्मजीत सिंह का जन्मदिन 13 सितंबर शनिवार को भाजपा के कार्यकताओं एवं समर्थकों ने बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वही 14 सितंबर को उनके समर्थक हॉटल इंटरसिटी के संचालक सुरेन्द्र सिंह छबड़ा एवं हरदीप सिंह सलूजा परिवार द्वारा जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में भाजपा मण्डल कुण्डा के कार्यकर्ताओं ने विधायक धर्मजीत सिंह को बधाई प्रेषित कर शुभकामनाएं दी एवं शीश-कलम से बने उनके छायाचित्र भेंट की गई। जिसमें कुण्डा मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष अमन खनूजा, उप-सरपंच मुमताज अहमद, पंच भूपेंद्र चंद्राकर, मण्डल उपाध्यक्ष हरेकृष्णा शुक्ला, रमन सिंह, प्रतिनिधि जनपद सदस्य गोलू सोनवानी, पंच रमेश सारथी, गणेश सोलंकी, बाबूलाल रजक, विनोद रजक, पूर्व पंच रघुवीर सिंह चौहान सहित गणमान्य नागरिक तथा जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण मुख्य रूप से उपस्थित थें।

# डोंगरिया खुर्द व रापा में मुक्तिधाम नहीं, बारिश में तिरपाल के नीचे अंतिम संस्कार करने ग्रामीण मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया ब्लॉक के ग्राम डोंगरिया खुर्द व रापा में शर्मसार कर देने वाली तस्वीर सामने आई है, जो शासन-प्रशासन के विकास के तमाम दावों पर सवाल खड़े करती है? जिस पर बारिश के बीच गांव की एक महिला की अंतिम यात्रा तब और भी दुःखद बन गई, जब मुक्तिधाम में शेड नहीं होने के कारण शव को तिरपाल से ढककर अंतिम संस्कार की रस्में पूरी करनी पड़ी।

यह मामला रविवार की है जब डोंगरिया खुर्द निवासी बुजुर्ग महिला भगवती यादव उम्र 90 वर्ष की मृत्यु हो गई, महिला की जब मौत हुई उस समय जिले सहित पूरे डोंगरिया खुर्द में लगातार बारिश का दौर था। ऐसे में परिजनों और रिश्तेदारों को महिला के अंतिम संस्कार की चिंता सता रही थी, क्योंकि गांव में मुक्तिधाम के नाम पर एक खुला मैदान है। बारिश होने पर दाह-संस्कार के लिए एक शेड तक नहीं है, गांव में मुक्तिधाम नहीं होने की स्थिति में परिजन दुकान से तिरपाल खरीदकर लाए और टीन के पल्लड़ और तिरपाल से ढककर निजी खेत में शव का अंतिम संस्कार किया गया। बताया जाता है कि जब चिता से आग की लपटे उठी तो तिरपाल भी जल गई। बड़ी मुश्किल व मसक्कत से परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया। लोगों ने बरसते पानी के बीच चारों ओर से तिरपाल खींचकर अंतिम संस्कार किया।





#### हर मौत बन रही चुनौती?

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम डोंगरिया खुर्द और रापा में न तो पक्की सड़क है और नहीं मुक्तिधाम शेड जैसी जरूरी सुविधा नहीं है। हर बार किसी की मृत्यु होती है तो परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए संघर्ष करना पड़ता है। जिस पर रहवासियों ने शासन प्रशासन व जिम्मेदारों से मांग कर डोंगरिया खुर्द और रापा में जल्द से जल्द मुक्तिधाम का निर्माण कराया जाने अपील की गई है।

#### बारिश के चलते सात घंटे बाद हो सका अंतिम संस्कार

बताया जाता है कि कुछ महीने पहले ऐसे मामले ग्राम पंचायत रापा निवासी टेकलाल चंद्राकर अंतिम संस्कार के समय बारिश शुरू हो गई। जिस पर परिजनों ने बारिश रुकने का इंतजार किया, लेकिन दिनभर रुक-रुककर बारिश होती रही। मजबूरन परिजनों ने अंतिम संस्कार के लिए शव को अपने निजी खेत में ले गए, जहां बारिश के चलते अस्थायी रूप से तिरपाल लगाकर शाम 05 बजे अंतिम संस्कार करना पड़ा। अंतिम संस्कार करने के लिए इन्हें लकड़ियों की सहायता से तिरपाल लगानी पड़ी। इस अव्यवस्था को लेकर गांव के रहवासियों में अधिकारी और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है। जिस पर ग्रामवासियों का कहना है कि शासन प्रशासन और जनप्रतिनिधि सभी विकास कार्यों के दावे करते हैं बड़ी-बड़ी हवाई बातें करते हैं, लेकिन जब ग्रामीणों को शमशान घाट जैसी जगह पर ही मूलभूत सुविधाएं ना मिल पाए तो इससे ज्यादा शर्मनाक और क्या हो सकता है?

### टमाटर में दाग-धब्बे व कीट प्रकोप से नुकसान की संभावना, किसान चिंतित

# मौसम की मार झेल रहे क्षेत्र के ग्रामीण किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

जिले से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में तक इन समय वर्तमान में मौसम का उतार-चढ़ाव बना हुआ है। साथ ही साथ बूंदाबांदी व गरज चमक के साथ बारिश होने किसानों के खेतों में परिपक्त व टमाटर के पौधे फल-फूल लगकर तैयार हो चुके हैं। वहीं इस समय अब बूंदाबांदी के साथ बारिश से टमाटर खराब व दाग-धब्बे की संभावना बनी हुई। जिससे कारण किसानों की चिंता व परेशानियां और बढ़ गई है।

बताया जाता है कि बरसात के दिनों में टमाटर की फसलों में फूल व फल निकल आए हैं, वहीं यदि अधिक बारिश होने की स्थिति में टमाटर के फूल व फलों पर बारिश से फसल क्षतिग्रस्त तथा भारी नुकसान होने की संभावना बनी हुई है।

जिस पर ग्रामीण किसान लाल प्रसाद साहू, गोवर्धन ओंगरे ने बताया कि मौसम के उतार-चढ़ाव से टमाटर की फसल पूरी तरह नष्ट होने के कगार पर आ सकते हैं, टमाटर में दाग-धब्बे और कीटों के प्रकोप से किसानों को भारी नुकसान व चिंतित हैं, खासकर जब इससे फसल की गुणवत्ता गिरती है और उत्पादन में कमी आती है। वहीं दूसरी तरह टमाटर की फसल पर कीट प्रकोप की लक्षण दिखाई देने से मंहगी-मंहगी दवाईयों का छिड़काव कर रहे हैं ताकि टमाटर फसल सुरक्षित रहें।

#### बारिश के चलते टमाटर की फसल खराब



ग्रामीण किसानों से मिली जानकारी के अनुसार टमाटर फसल परिपक्त होकर तैयार हो चुके है लेकिन टमाटर में धब्बे और कीट विभिन्न रोगों और कीटों के कारण फसल प्रभावित हो रही है। जिसमें जीवाण्विक धब्बा (बैक्टीरियल स्पॉट) कवक या जीवाणु के कारण, सेप्टोरिया पत्ती धब्बा कवक के कारण होता है साथ ही साथ मौसम में उथल पुथल के चलते टमाटर की फसल प्रभावित हो रही है। जिससे किसान की परेशानी साफ देखी जा सकती है। इससे टमाटर किसानों को फसल उत्पादन पर गहरा प्रभाव पड़ने की संभावना बनी हुई है। जिनके कारण किसानों के हाथों से लाल टमाटर निकल जाने की आशंकाएं साथ ही किसानों को भारी हानि होने की चिंता सताने लगी हैं।

### शैक्षणिक संस्थानों में सुधार की मांग को लेकर अभाविप ने जिलाधीश को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों की स्थिति में सुधार करने की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें जिला संयोजक गजाधर वर्मा ने बताया कि कवर्धा जिला शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल में रहने वाला जिला है, जिसकी स्थिति आज देखते है तो बहुत दुःख होता है जहां शिक्षक का अभाव, भवन की कमी, एडमिशन के नाम पर पैसे लेना व छात्रावास में अधीक्षक की मनमानी जैसे अनेक विषय सामने आ रहे हैं।

जिसके कारण विद्यार्थी स्वयं सड़कों पर आने के लिए मजबूर हो गए हैं। जिसका उदाहरण हमें झलमला व पिपरिया स्कूल में देखने को मिला है, यह केवल शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न कमियों के कारण है आज जिस तरह की स्थिति है उस पर तुरंत सुधार करने की आवश्यकता है। शिक्षा के क्षेत्र को अनदेखा करना विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

वहीं नगर मंत्री परमेश्वर साहू ने बताया कि जिले के विभिन्न महाविद्यालय सहसपुर लोहारा, कन्या महाविद्यालय कवर्धा, पंडरिया, पिपरिया स्थानों पर अतिरिक्त भवन की जरूरत है व बोड़ला महाविद्यालय का बिल्डिंग पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है, जिसके लिए विद्यार्थी परिषद ने अनेकों बार आंदोलन किया पर सरकार केवल चुप्पी साधे हुए बैठी है। विद्यार्थी परिषद ने आज पुनः ज्ञापन के माध्यम से शासन प्रशासन को अवगत कराया है साथ ही साथ मांग की गई कि तीन दिवस के भीतर कार्य पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

### लोधी क्षत्रिय कर्मचारी का प्रदेश स्तरीय त्रि-वर्षीय चुनाव में प्रदेश सचिव निर्वाचित हुए



- आनंद कौशिक निर्विरोध सचिव के पद पर निर्वाचित हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

विगत दिनों लोधी क्षत्रिय कर्मचारी एवं बुद्धिजीवी संगठन (लक्ष्य) का प्रदेश स्तरीय त्रि-वर्षीय निर्वाचन राजनांदगांव के लोधी सामाजिक भवन में संपन्न हुआ। राज्य निर्वाचन अधिकारी किशोर वर्मा, रूपकुमार महिकवार, गुनाराम चंदेल के समक्ष अध्यक्ष तीन उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव, कोषाध्यक्ष, प्रचार सचिव, कार्यकारिणी सदस्य के लिए नामांकन भरा गया। सचिव पद के लिए कबीरधाम जिला बाजार चारभाठा निवासी शिक्षक आनंद कौशिक ने अपना नामांकन भरा, एकल नामांकन होने के कारण आनंद कौशिक निर्विरोध सचिव के पद पर निर्वाचित हुए। वहीं अध्यक्ष चैनदास जंघेल, महासचिव दानेश्वर लिल्हारे, कोषाध्यक्ष दीनूराम वर्मा, उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा, दुर्जन जंघेल, बसंती जंघेल, कार्यकारिणी सदस्य पंचूराम वर्मा, यशवंत जंघेल, कृतलाल वर्मा, उत्तम वर्मा और प्रचार सचिव नंदकुमार वर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुए। यह निर्वाचन जीवन कौशिक प्रदेश संगठन मंत्री छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज, संजीव कौशिक महासचिव, राजेश कौशिक संगठन मंत्री, रामफल कौशिक सर्किल सचिव कवर्धा एवं लक्ष्य संरक्षक, आजीवन सदस्य, साधारण सदस्य, समस्त लक्ष्य जिलाध्यक्ष व कार्यकरिणी की गरिमामयी उपस्थित में सम्पन्न हुआ। कबीरधाम जिलाध्यक्ष संतोष कौशिक ने निर्विरोध निर्वाचित होने के लिए आनंद कौशिक को शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

### सेवई-कछार में लाखों का जुआ फड़ पकड़ाया, 6 आरोपी गिरफ्तार

**कोलेगांव।** कवर्धा भोरमदेव थाना क्षेत्र के ग्राम सेवई-कछार में चल रहे लाखों रुपए के जुआ फड़ पर पुलिस ने दबिश दी। वहीं विधिवत कार्यवाही करते हुए पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लगभग 1 लाख 60 हजार रूपए नगद जब्त किए हैं। हालांकि इस पूरे मामले में जिले के एक बड़े नेता के बेटे और कुछ कर्मचारियों पर कार्यवाही न होने का आरोप लग रहा है। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि पुलिस ने चुनिंदा आरोपियों पर ही शिकंजा कसा, जबकि कई शासकीय कर्मचारी और नेता पुत्र इस जुआ फड़ में शामिल थे। डीएसपी कृष्णा चंद्राकर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में दो से तीन शासकीय कर्मचारी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आरोपियों पर कार्यवाही की जा रही है, लेकिन अब तक पुलिस ने जुआरियों की पूरी सूची सार्वजनिक नहीं की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कवर्धा पुलिस छोटे-छोटे मामलों में भी आरोपियों को हथकड़ी लगाकर जुलूस निकालती है, लेकिन लाखों रूपए के जुआ फड़ में पकड़े गए आरोपियों का नाम तक उजागर नहीं कर रही है। इससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सूत्रों के अनुसार यदि कोतवाली थाना क्षेत्र की सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई तो आरोपियों की संख्या और भी बढ़ सकती है। इस बीच पुलिस द्वारा मामले की जानकारी साझा न करने को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं तेज हैं।



## पेज 11 के शेष

### हिन्दी है समस्त ...

है, पहला हिन्दी दिवस 1953 में मनाया गया। यह दिन हमें भाषा के महत्व और उसके संरक्षण की याद दिलाता है। हिन्दी से हमें आशा है, हिन्दी हमारी राष्ट्रभाषा है, इसके स्मरण मात्र से पुलकित हो उठता हमारा अंग अंग, हिन्दी हमारी मदर टंग है। मैं कहाँ तक करूं हिन्दी की महिमा का बखान, हिन्दी है सुर, तुलसी मीरा रसखान। इसीलिए हम इसकी पूजा करते हैं। हिन्दी दिवस पर सभी शिक्षक शिक्षिका धनेश रजक, थुकेल राम तारम, विजय लक्ष्मी रावत, चंद्र शेखर कश्यप और सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### श्रमवीर स्वास्थ्य शिविर ...

शिविरों में सम्मिलित हो चुके हैं, जिनमें से 186 श्रमिकों का पंजीयन एवं नवीनीकरण कर शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया गया है। आगामी शिविरों में और अधिक श्रमिकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

### आरएएमपी योजना ...

जहाँ खरीदार और विक्रेता दोनों को समान अवसर मिलता है। अधिकारी-कर्मचारी इस पोर्टल के सभी फीचर्स का उपयोग करना सीखें और अपने विभाग में अन्य सहयोगियों को भी इसके प्रति जागरूक करें। कलेक्टर ने एमएसएमईएस से जुड़े प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे अपने उत्पादों को जेम पोर्टल पर पंजीकृत करें और राष्ट्रीय स्तर के बाजार से जुड़ें। उन्होंने कहा कि जिले में निर्मित उत्पादों की अच्छी गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धी मूल्य से न केवल स्थानीय बाजार बल्कि पूरे देश में पहचान बनाई जा सकती है।

### कृषि अनुसंधान की बैठक ...

पालन, मछलियों की प्रजातियों एवं उनके फीड पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में सहायक संचालक कृषि श्यामलाल साहू ने जिले में विभिन्न फसलों की वर्तमान स्थिति (रकबा, उत्पादन, उपज) पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्ष 2016-17 में बेमेतरा जिला को चना उत्पादन में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ था। उन्होंने किसानों के लिए संचालित विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों की जानकारी भी दी। बैठक में कृषि महाविद्यालय के प्राध्यापक, वैज्ञानिकों एवं कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों ने अपने अनुसंधान परिणामों और प्रस्तावित अनुसंधान/प्रसार कार्यों को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सिक्ख समाज ने अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष का किया भव्य स्वागत

**नवागढ़।** रविवार को अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा का नवागढ़ आगमन हुआ। स्थानीय सिक्ख समाज ने उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत छाबड़ा ने गुरुद्वारे में मत्था टेककर की, जहां उन्होंने क्षेत्र की सुख-शांति और समाज की उन्नति की अरदास की। इसके बाद समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं ने शॉल और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया। स्वागत समारोह के दौरान आपसी मेलजोल और एकजुटता का अनूठा दृश्य देखने को मिला। इस मौके पर आगामी गुरु तेगबहादुर की 350वीं शहीदी दिवस के आयोजन पर भी विस्तार से चर्चा की गई। समाज के पदाधिकारियों और मौजूद श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप देने और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। अमरजीत छाबड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि सिक्ख समाज हमेशा से भाईचारे, सेवा और बलिदान की मिसाल रहा है। अब हमारी जिम्मेदारी है कि गुरु परंपरा से प्रेरणा लेकर शिक्षा, सेवा और सहयोग के माध्यम से सामाजिक विकास की दिशा में ठोस कदम उठाएं । कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन और युवा बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इनमें त्रिलोक सिंह खुराना, गुरमीत सिंह खुराना, विंपी गांधी, अजय अरोरा, लक्की खुराना, राहुल खुराना, राजा खुराना, राजेंद्र खुराना, रिंकू गुंबर, चिंटू गुंबर प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### महिलाओं के लिए बेहतर व्यवसाय है डेयरी प्रोडक्ट्स



**बेमेतरा।** शासकीय डेयरी पॉलीटेक्निक में महिला केन्द्रित विषयों पर 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के तहत जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जगरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं में जागरूकता, साक्षरता, समाज में समान दर्जा, बेहतर आजीविका, प्रशिक्षण एवं शिक्षा के माध्यम से महिलाओं की स्थिति को उठाना इत्यादि विषयों पर व्याख्यान दिया गया तथा महिलाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने छ.ग. शासन द्वारा दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनू विश्वविद्यालय, दुर्ग के अंतर्गत डेयरी पॉलीटेक्निक, चोरभट्टी बेमेतरा में संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के डेयरी प्रोडक्ट्स निर्माण का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। विद्यार्थियों को दूध से पनीर, श्रीखंड, पेड़ा, रबड़ी, खोआ, दही, लस्सी, इत्यादि दुग्ध पदार्थों के व्यवसायिक निर्माण का सघन प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि डिप्लोमा के अंतिम सेमेस्टर में देश के विभिन्न डेयरी संयंत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर वे इस क्षेत्र में पारंगत हो सकें। शासकीय डेयरी पॉलीटेक्निक बेमेतरा में विद्यार्थियों को इस प्रकार प्रशिक्षित किया जाता है कि वे डेयरी क्षेत्र में स्थापित शासकीय, सहकारी एवं प्राइवेट संयंत्रों में रोजगार प्राप्त करने के साथ ही इस क्षेत्र में स्वयं का व्यवसाय भी प्रारंभ कर सकें।

### खाद्य गोदाम निर्माण की जांच और कार्रवाई की उठी मांग

# खाद्य गोदाम निर्माण में लापरवाही, दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें, गुणवत्ताहीन निर्माण पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

■ किसानों में बढ़ा आक्रोश



विकासखण्ड बेरला अंतर्गत आने वाले सेवा सहकारी समिति मर्यादित चोंगीखपरी व अछोली में बने खाद्य गोदाम को बने साल भर हुए है कि दर्जनों जगहों पर दीवालों में बड़े-बड़े दरारें पड़ने से धशने का भय मंडरा रहे है। ठेकेदार के द्वारा गुणवत्ताहीन निर्माण पर सवाल खड़ा हो रहे है। सम्बंधित किसान कार्य एजेंसी ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर भारी आक्रोश में नजर आ रहे है। घटिया निर्माण के चलते दीवालों में कई जगह बड़े बड़े दरारे पड़ गए है।

संबंधित इंजीनियर व एसडीओ के जांच के अभाव के कारण ठेकेदार की मनमानी व लापरवाही सामने आ रहे है। बगैर इंजीनियर व ठेकेदार के गैरहाजरी में मजदूरों के भरोसे कार्य करने से घटिया निर्माण किया गया। आपको बता दें कि सोसाइटी चोंगीखपरी व अछोली के खाद्य गोदाम के दीवाल के नीचे सीरे से लेकर ऊपर के सीरे तक दरारे ऐसे पड़े है कि आप दोनों तरफ आर-पार पारदर्शिता के भांति दोनों तरफ देख सकते है। समिति अंतर्गत किसानों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा शासन-प्रशासन को खुलेआम चुना लगा कर पलीता लगाने का काम किया गया। वही विभागीय अधिकारियों द्वारा मौक़ायना जांच व निरीक्षण की कमी के चलते ठेकेदार की मनमानी बेधड़क गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य किया गया। जो जांच का विषय बन गया है। कुछ ही महीनों में निर्माण हुए है। आज की स्थिति में खाद्य गोदाम को देखा जाए तो बहुत अंदर घुसने से भय लगता है। आने वाले भविष्य में कभी दुर्घटना घट सकती है। संबंधित विभागीय इससे अनजान और बेखबर हो गए। इससे अन्दाजा लगाया जा सकता है कि अभी से घटिया निर्माण की आईना सामने आ रहे है वह कितने वर्ष के बाद नीव गिर सकते है। स्थानीय लोगों का मानना है कि प्रशासकीय लागत लाखों रुपये होने के बाद भी ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण किया जाना समिति के अधिकारी व किसानों को खतरे में डाल रहे है। मोटी रकम बचने के चक्कर में घटिया निर्माण, गुणवत्ताहीन मटेरियल व लीपापोती का काम किये जाने के चलते दर्जनों स्थानों पर दरार आ गए है। स्थानीय लोगों का मानना है कि ठेकेदार लेबर के भरोसे बिना लेआउंट व मानक माप दंडों को दरकिनार कर घटिया नीव रख कर कार्य करने से गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य किया गया। किसान भविष्य में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंतित नजर आ रहे है। वही ठेकेदार अपनी कार्य की राशि लेकर आराम फरमा रहे है। किसानों के भविष्य के साथ खिलवाड व भ्रष्टाचार करके अपनी कार्य शैली पर अनजान है। बता दें कि सेवा सहकारी समिति मर्यादित चोंगीखपरी के खाद्य गोदाम की अभी भी कार्य अधूरा बताया गया। वही ठेकेदार का कहना है कि कार्य पूर्ण हो गए। खाद्य गोदाम के ऊपर देखा गया तो पानी के टंकी नहीं लगी थी जो गोदाम अंदर नीचे में पड़े है। इससे किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त हो रहे है। साथ ही जांच के मांग कर रहे है।



## अच्छे और आदर्श के रूप में अपनी पहचान बनाएं शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ गाड़ाडीह में संकुल स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

विकासखण्ड साजा अंतर्गत संकुल केन्द्र गाड़ाडीह में शिक्षक दिवस पर संकुल प्राचार्य सीमा श्रीवास्तव की अध्यक्षता एवं संकुल समन्वयक मन्नू लाल साहू के मार्गदर्शन में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें संकुल के सभी स्कूलों के शिक्षक शिक्षिकाओं को हायर सेकण्डरी स्कूल के बच्चों द्वारा गिफ्ट एवं मिठाई देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर बच्चों द्वारा शिक्षकों के लिए विभिन्न खेलकूद और क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतियोगिता में भाग लिया। जहां शिक्षिकाओं के कुर्सी दौड़ में प्रीति कसेर प्रथम रही। वहीं शिक्षकों में मन्नू लाल साहू प्रथम स्थान प्राप्त किए। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य सीमा श्रीवास्तव ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को अपने कर्तव्यों को जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने की बात कही तथा एक अच्छे शिक्षक व आदर्श शिक्षक के रूप में पहचान बनाने की बात कही। इस अवसर पर राम अवतार जंघेल, नूतन शर्मा, प्रीति कसेर, कुलजीत नेमा, मनीषा राजपूत, सविता कौशल, किरण अहरवाल, ज्योति दुबे, पिंकी देवांगन, ज्योति किरण देवांगन, रघुनाथ ठाकुर, रोशन लाल भंडारी, दुष्यंत मेरिया, तुकाराम खाण्डे, भागवत ठाकुर, इन्द्रकुमार कुंजाम, यशवंत देवांगन, गणेश्वर दीवान, टेकेन्द्र राजपूत विष्णु कुमार धीवर, अजय साहू, त्रिशाल वैष्णव सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जांगड़े का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े का प्रथम बेमेतरा आगमन हुआ। इस अवसर पर सिग्नल चौक में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया, जिसमें खाद्य मंत्री दयालदास बघेल विधायक दीपेश साहू मौजूदगी में स्वागत व अभिनंदन किया गया।

स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा हमारे बीच भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े जी का प्रथम आगमन हुआ है। मैं अपनी ओर से और पूरी भारतीय जनता पार्टी परिवार की ओर से माँ भद्रकाली की पावन धरा मे हार्दिक स्वागत अभिनंदन कर्ता हूँ I साहू ने कहा की मुझे विश्वास है कि डॉ. जांगड़े के नेतृत्व में अब अनुसूचित जाति समाज की चिंता और समस्याओं का समाधान और भी गति से होगा। वे समाज के हर सुख-दुख में साथ खड़े रहेंगे और उनके मार्गदर्शन में समाज के उत्थान और विकास के लिए ठोस पहल होगी।"उन्होंने आगे कहा कि "माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में हमारी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प पर लगातार कार्य कर रही है। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े जी जैसे ऊर्जावान और जमीनी नेता के रूप में नया नेतृत्व मिला है, जिससे निश्चित ही समाज के विकास की दिशा और गति तेज होगी। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू, प्रदेश मंत्री संध्या परगनिया, पूर्व विधायक अवधेश सिँह चंदेल, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, जनपद अध्यक्ष हेमाजय दिवाकर, रजककर कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, जिला पंचायत सदस्य अंजू बघेल, शहर मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष देवादास चतुर्वेदी, सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 'यात्रा' सिक्ख धर्म के इतिहास और संस्कृति को प्रदर्शित करने वाली : चावला अध्यक्ष गुरुसिंग सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ असम के धुबरी से आरंभ हुई कल 17 सितंबर शहर पहुंचेगी

■ तेग बहादुर जी के 350 शहीदी यात्रा के स्वागत की तैयारियों में जुटा सिख समाज



सिक्ख धर्म के नौवें गुरु, हिन्द की चादर धर्म के रक्षक श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350 शहीदी पर्व के अवसर पर एक ऐतिहासिक यात्रा निकाली जा रही है।

यह यात्रा असम के धुबरी से आरंभ हुई है और विभिन्न राज्यों से होकर 17 तारीख को बेमेतरा शहर पहुंच रही है। जिसके स्वागत की तैयारियों पर गुरुसिंग सभा के अध्यक्ष गुरुदयाल सिंह चावला की उपस्थित बैठक हुई जिसमें समाज के सुजान सिंह दत्ता, अनिल छाबड़ा, मंजीत सिंह सलूजा , वार्ड पार्षद चांदनी रोशन दत्ता , पुष्पराज गुंबर, प्रीतपाल छाबड़ा, जगजीत सिंह , केशर दत्ता , जसपाल चावला , चिंटू छाबड़ा टिंकू चावला सहित समाज के लोग मौजूद रहे। अध्यक्ष गुरुदयाल सिंह चावला ने बताया कि यह ऐतिहासिक गुरूद्वारा यात्रा असम के धुबरी से शुरू हुई है, जहां गुरु तेग बहादुर साहब जी के नाम से एक ऐतिहासिक गुरूद्वारा है।जिसके आगमन पर सिक्ख समाज बेमेतरा में इस यात्रा की तैयारी जोरों से कर रहा है और नवागढ़ चौक से बाइक रैली निकालकर भारत माता चौक तक आएगी इसके बाद साध संगत शबद कीर्तन करते हुए गुरुनानक गेट तक आएगी, जहां इस यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने कहा यात्रा सिक्ख धर्म के इतिहास और संस्कृति को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। सिक्ख समाज के लोग बड़ी संख्या में इस यात्रा में शामिल होंगे और गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को याद करेंगे। श्री चावला ने जनमानस से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक यात्रा में शामिल हों और आपसी भाईचारे का उदाहरण पेश करें। यात्रा में शामिल होने के लिए ड्रेस कोड भी निर्धारित किया गया है, जिसमें सफेद वस्त्र, बसंती पगड़ी और महिलाओं के लिए बसंती चुन्नी शामिल है।

## विकास और निर्माण कार्य समय सीमा में हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ कलेक्टर ने प्राधिकरण की बैठक में विभागीय अधिकारियों को दिये निर्देश

कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण की बैठक हुई। बैठक में जिले में चल रहे एवं प्रस्तावित निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि जिन विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति धीमी है उन्हें शीघ्र गति प्रदान कर समय-सीमा में पूरा किया जाए। वहीं जो कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हुए हैं, उन्हें तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सामुदायिक भवन, जैतखाम निर्माण एवं प्रगतीरथ जैसे प्रमुख कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि ये सभी कार्य ग्रामीण एवं पिछड़े वर्ग के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विकास से जुड़े हैं, अतः इन्हें समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने और नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जितने भी अप्रारंभ कार्य हैं उन्हें तत्काल प्रारंभ कराया जाए, ताकि ग्रामीणजन एवं हितग्राही वर्ग शासन की योजनाओं का शीघ्र लाभ उठा सकें। उन्होंने संबंधित विभागों को यह भी निर्देश दिए कि कार्यों की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से जिला स्तर पर प्रस्तुत की जाए और यदि कहीं भी समस्या या बाधा आती है तो उसका त्वरित समाधान किया जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रेमलता, एडीएम अनिल वाजपेयी सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और आगामी कार्ययोजना की जानकारी दी। कलेक्टर ने अधिकारियों को सामूहिक समन्वय के साथ काम करने और योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि ग्रामीण एवं पिछड़े वर्ग के लोगों तक सभी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ समय पर पहुंचे, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके।

## युवा मोर्चा महामंत्री पोषण ने घायल युवक की बचाई जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

नगर पंचायत कुसमी अंतर्गत हनुमान वाटिका के पास सड़क किनारे बाइक सवार एक युवक अनियंत्रित होकर गिरने से घायल हो गए। आपको बता दें कि भाजपा युवा मोर्चा मंडल महामंत्री पोषण निर्मलकर अपने दोस्तों के साथ उसी रास्ते से गुजर रहे थे। तभी युवक को सड़क किनारे घायल स्थिति में पड़े हुए देखा गया।

उन्होंने बिना देरी किये घायल युवक को अपने साथियों के निजी कार में बैठाकर नजदीक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेरला में पहुंचाया गया। स्थिति को देखकर डॉक्टर तत्काल इलाज शुरू की जिससे उसकी जान बच गई। भाजपा युवा मोर्चा मंडल महामंत्री व उनके सांथी घायल युवक की जान बचाकर मानवता का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया है।

उनकी यह संवेदनशीलता और दरियादिली ने न केवल एक घायल की जान बचाई, बल्कि समाज के लिए भी एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। बेरला से महज 5 से 7 किलोमीटर की दूर सोरला रामपुर भांड के मध्य में तीन बाइक सवार रामपुर भांड से होते हुए सोरला की ओर आ रहे थे तभी बीच रास्ते में सड़क दुर्घटना में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिन्हें अपने मोटरसाइकिल गाड़ी में बैठा कर बेरला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया। तत्काल इलाज शुरू करने के बाद उनकी स्वास्थ्य में सुधार आई और उन तीनों की जान बच गई।

भाजपा युवा मोर्चा मंडल महामंत्री पोषण निर्मलकर ने बताया कि लोगों की मदद करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। ऐसे स्थिति में मेरे लिए मानव जीवन सबके लिए बहुत मूल्यवान है। कोई भी आपदा या दुर्घटना की स्थिति हो मैं पीछे नहीं हटूंगा। साथ ही हर व्यक्ति का पहला कर्तव्य यही होना चाहिए कि पीड़ति की मदद के लिए आगे आए। हम सभी को समाज में मानवीय संवेदनाओं को सर्वोपरी रखते हुए जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए। यह कार्य समाज में एक महत्वपूर्ण सन्देश देता है कि विपत्ति के समय एक-दूसरे की मदद करना हमारा नैतिक दायित्व है।

## स्वच्छता पखवाड़ा में सहभागिता निभायेगी स्व-सहायता समूह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

नगर पंचायत में सोमवार को सभी स्व-सहायता समूह की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समूह की बहनों ने सक्रिय रूप से सहभागिता की। इस अवसर पर नगर पंचायत साजा की उपाध्यक्ष प्रेरणा शौर्यजीत सिंह ने आगामी स्वच्छता पखवाड़ा 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर की रूपरेखा पर चर्चा की। उन्होंने स्व सहायता समूह की बहनों से आह्वान किया कि वे नगर के सफाई अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और इस पखवाड़े को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि साथ चलने से ही हम सब सशक्त और आत्मनिर्भर बन सकते हैं। नगर की स्वच्छता में आप सभी का योगदान हमारे समाज को और बेहतर दिशा देगा। बैठक में उपस्थित सभी समूहों की बहनों ने इस पहल में सक्रिय सहयोग देने का आश्वासन दिया।













